# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2025

## तारांकित प्रश्न

## 10 मार्च, 2025

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### बस स्टैंड का स्थानांतरण करना

*1 **श्री हरिन्द्र सिंह ( होडल):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुराने बस स्टैंड होडल को स्थानांतरित करने की मुख्यमंत्री की घोषणा कोड संख्या 27446 पर सरकार द्वारा कोई कार्रवाई की गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त घोषणा के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

### जल भराव की समस्या का समाधान करना

*2 **श्री बलराम दाँगी (महम):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि महम विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के सैमान, निंदाना, गिरावड़, लाखन माजरा, मदीना तथा खरैंटी इत्यादि गांवों में हर बरसाती मौसम के दौरान जलभराव होने के कारण सैकड़ों एकड़ की फसलें खराब हो जाती हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए जा रहे हैं तथा उपरोक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## खेतों के रास्तों को पक्का करने की सीमा बढाना

*3 **श्री उमेद सिंह (बाढड़ा ):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः -

क) क्या यह तथ्य है कि बाढ़ड़ा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एक ग्रामीण क्षेत्र है तथा यहां के अधिकतर लोग खेतों की ढाणियों में रहते हैं तथा सरकार ने एक विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में 15 किलोमीटर तक के खेतों के रास्तों को पक्का करने की स्वीकृति दी हुई है; तथा

ख) यदि हां, तो खेतों के 15 किलोमीटर के रास्तों को पक्का करने की सीमा को बढ़ाकर 150 किलोमीटर करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ताकि ढाणियों के रास्तों को गांवों से जोडा जा सके ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## पीर बोधी तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे से सम्बंधित

*4 **श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि :-

क) क्या यह तथ्य है कि रोहतक-गोहाना सड़क पर लगभग 32.5 एकड़ भूमि पर पीर बोधी जगह है जिसमें लगभग 12 एकड़ का एक बहुत बड़ा तालाब है जो 125 वर्षों पहले खोदा गया था तथा शहर और आसपास के गांवों का बरसाती पानी उसमें एकत्रित होता है;

ख) क्या यह भी तथ्य है कि उक्त स्थान वक्फ बोर्ड को आवंटित किया गया था तथा जलाशय के रूप में चिन्हित किया गया था; तथा

ग) क्या यह भी तथ्य है कि कुछ भू-माफिया उक्त तालाब को मिट्टी से भरकर तथा इस तालाब के प्राकृतिक रूप को बदलकर अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## प्रोत्साहन राशि देना

*5 **श्री जस्सी पेटवाड़ ( नारनौंद):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या नारनौंद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के किसानों को सरकार द्वारा धान की पराली/ अवशिष्ट न जलाने के लिए वर्ष 2022-23 के लिए प्रोत्साहन राशि दी गई है; तथा

ख) यदि नहीं, तो उक्त प्रोत्साहन राशि को कब तक दिए जाने की संभावना है?

----

**हत्या, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, अपहरण इत्यादि के पंजीकृत मामलों की संख्या**

*6 **श्री अदित्य देवीलाल ( डबवाली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) वर्ष 2019 से दिसंबर, 2024 तक राज्य में महिलाओं तथा अनुसूचित जाति के लोगों के विरुद्ध घटित अपराधों अर्थात् हत्या, बलात्कार ,सामूहिक बलात्कार, अपहरण, डकैती, लूटपाट के संबंध में सरकार द्वारा दर्ज मामलों की संख्या कितनी है; उनका वर्ष वार ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त मामलों में सरकार द्वारा की गई कार्रवाई का वर्ष वार ब्यौरा क्या है; तथा

ख) व्यापारियों तथा आम जनता की सुरक्षा के लिए कोई योजना/ नीति बनाई गई है जिससे उपरोक्त घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

**आयुष्मान तथा चिरायु कार्डों के लाभार्थियों का ब्यौरा**

*7 **श्री राम कुमार कश्यप (इंद्री):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में गत् 3 वर्षों में आयुष्मान तथा चिरायु कार्ड के लाभार्थियों का ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा इन लाभार्थियों को जारी की गई कुल राहत राशि का ब्यौरा क्या है?

----

**मेवात विकास बोर्ड के लिए बजट को बढ़ाना**

*8 **चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) वर्ष 2015 से 2024 तक मेवात विकास बोर्ड के लिए सरकार द्वारा वर्ष-वार कितना बजट स्वीकृत किया गया है तथा उसका मद-वार ब्यौरा क्या है;

ख) क्या यह तथ्य है कि पूर्व में मेवात विकास बोर्ड के अंतर्गत चल रहे मेवात मॉडल विद्यालय को राज्य के शिक्षा विभाग को स्थानांतरित किया गया था; यदि हां, तो क्या उक्त विद्यालय को मेवात विकास बोर्ड को वापिस स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ग) गत् 10 वर्षों में मेवात विकास एजेंसी द्वारा कार्य/परियोजनाएं क्या हैं जिन पर कार्य निष्पादित किया जा रहा है तथा उक्त कार्यों पर खर्च की जा रही राशि/व्यय कितना है

तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## स्टोन क्रेशरों की संख्या

*9 **श्रीमती मन्जु चौधरी ( नांगल चौधरी):**

क्या पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) वर्तमान में नांगल चौधरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में चल रहे स्टोन क्रेशरों की संख्या कितनी है;

ख) सरकार द्वारा निर्धारित पर्यावरण मानकों को अपनाने वाली तथा न अपनाने वाली इकाइयों की संख्या कितनी है तथा गत् 2 वर्षों में सरकार द्वारा दोषी इकाइयों के विरुद्ध की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; तथा

ग) सभी उक्त इकाइयों द्वारा पर्यावरण मानकों के कब तक अपनाए जाने की संभावना है तथा उनका ब्यौरा क्या है?

----

## कपिल मुनि माइनर को सुदृढ़/पुनर्निमित/मरम्मत करनाः-

*10 **श्री विकास सहारण (कलायत):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या कपिल मुनि माइनर को सदृढ़/पुनर्निमित/मरम्मत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त माइनर को कब तक सदृढ़/पुनर्निमित/मरम्मत किए जाने की संभावना है?

----

## नई अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध कराना

*11 **श्री सुनील सतपाल सांगवान ( दादरी):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि चरखी दादरी के नागरिक अस्पताल में पिछले कई वर्षों से अल्ट्रासाउंड की मशीन खराब है; तथा

(ख) यदि हां, तो चरखी दादरी के नागरिक अस्पताल में नई अल्ट्रासाउंड मशीन कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है?

----

## दादुपुर नलवी नहर का पुनः निर्माण करना

*12 **श्री निर्मल सिंह मोहडा (अंबाला शहर):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि दादुपुर नलवी नहर के पुनः निर्माण के लिए माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा निर्णय पारित किया गया है; यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई किए जाने की संभावना है?

----

## माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय को लागू करना

*13 **श्री राम कुमार गौतम (सफीदों):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि सी.डब्लू.पी. संख्या 25295 ऑफ 2017 (ओ.एण्ड.एम) में माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 06.02.2024 को पारित निर्णय को सरकार द्वारा अभी तक लागू नहीं किया गया है; तथा

ख) यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं तथा सरकार द्वारा उक्त निर्णय के कब तक लागू किए जाने की संभावना है?

----

## भागल उप-मंडल शाखा खोलना

*14 **श्री देवेन्द्र हंस (गुहला):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि कई वर्ष पहले गुहला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव भागल में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की उप-मंडल शाखा स्वीकृत की गई थी; यदि हां, तो इसके अब तक न खोले जाने/शुरू न किए जाने के कारण क्या है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि उक्त उप-मंडल के शुरू न होने के कारण भागल उप-मंडल के अंतर्गत आने वाले घग्गर पार तथा कुरुक्षेत्र के विभिन्न गांवों के निवासियों को बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है; यदि हां, तो उन्हें सुविधा देने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं; तथा

(ग) उक्त उप-मंडल शाखा के कब तक खोले जाने/शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## महाविद्यालय भवन का निर्माण करना

*15 **श्री मूल चंद शर्मा (बल्लभगढ़):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि सरकार द्वारा राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-23 बल्लभगढ़ के भवन का निर्माण अब तक नहीं करवाने के कारण क्या हैं तथा इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

----

## सुपर स्पेशलिटी पशु चिकित्सा अस्पताल खोलना

*16 **श्री ओम प्रकाश यादव (नारनौल):**

क्या पशुपालन एवं डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे कि-

क) क्या नारनौल शहर में एक सुपर स्पेशलिटी पशु चिकित्सालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई है?

----

## रेहड़ी मार्केट को पुनः स्थापित/पुनः निर्माण करना

*17 **श्री चन्द्र मोहन (पंचकूला):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) पंचकूला विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के सेक्टर-7, 11 तथा 17 की रेहड़ी मार्केट को पुनः स्थापित करने तथा स्थाई दुकानें बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो उक्त मार्केट के कब तक पुनः स्थापित/पुनः निर्माण किए जाने की संभावना है?

----

## सफाई कर्मचारी नियुक्त करना

*18 **श्रीमती सावित्री जिन्दल ( हिसार):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या हिसार शहर के सभी राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में सफाई कर्मचारियों के पद स्वीकृत हैं;

ख) हिसार शहर में राजकीय प्राथमिक विद्यालयों की कुल संख्या कितनी है जिनमें सफाई कर्मचारी नियुक्त हैं तथा उन राजकीय प्राथमिक विद्यालयों की संख्या कितनी है जिनमें सफाई कर्मचारी नियुक्त नहीं हैं; तथा

ग) हिसार शहर के विद्यालयों में जहां सफाई कर्मचारी नियुक्त नहीं है वहां शिक्षा विभाग द्वारा सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए क्या पग उठाए जा रहे हैं?

----

## सिंचाई के लिए जल आपूर्ति की समय सारणी

***19 श्री शीशपाल केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) राज्य में सरकार द्वारा सिंचाई के लिए पानी आपूर्ति की समय-सारणी क्या है तथा क्या वर्ष 2023-24 की तुलना में वर्ष 2024-25 में किसानों के सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति में कटौती की गई है; तथा

ख) वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में जिला सिरसा के किसानों को एक महीने में कितने दिन सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति की जा रही है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## बस स्टैंड को स्थानांतरित करना

***20 श्री निखिल मदान (सोनीपत):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या सोनीपत शहर के सामान्य बस स्टैंड को शहर से बाहर सेक्टर-7 में उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, ताकि लोगों को ट्रैफिक जाम से निजात मिल सके ; तथा

ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----